# NET/JRF HINDI MODEL PAPER-7

## टेस्ट – 7 भारतेंदु काल व द्विवेदी युग

1. ''कविता की विषय मनोरंजन एवं उपदेशात्मकता होना चाहिए। यमुना के तट पर केली कोतूहल का वर्णन बहुत हो चुका है।''
किनका कथन है ?
(अ) महावीर प्रसाद द्विवेदी ☑
(ब) मार्कंडेय वाजपेयी
(स) शुक्ल जी
(द) भारतेंदु

2. अवतारी पुरुष किस कवि को कहा जाता है ?
(अ) भारतेंदु
(ब) महावीर प्रसाद द्विवेदी ☑
(स) प्रताप नारायण मिश्र
(द) हरिऔध जी

3. श्रीधर पाठक की प्रशंसा मे किसने ''श्रीधर सप्तक'' लिखकर उन्हें हिन्दी भाषा का जयदेव कहा है ?
(अ) बच्चन सिंह
(ब) शुक्ल जी
(स) महावीर प्रसाद द्विवेदी ☑
(द) हजारी जी

4. कथन (क) भारतेंदु युग मे पत्र पत्रिकाओं के माध्यम से निबंध साहित्य की पूर्ण प्राण प्रतिष्ठा प्राप्त हो चुकी थी
कथन (ख) इसकी तुलना में द्विवेदी युग में व्यक्तित्व व्यंजक निबंधों की परंपरा का विकास अधिक दिखाई देता है
(अ) दोनों कथन सही हैं
(ब) दोनों कथन गलत है
(स) कथन क गलत तथा कथन ख सही है
(द) क सही व ख कथन गलत है ☑

5. ज्ञान–राशि के संचित कोष ही का नाम साहित्य है। कथन किसका है ?
(अ) महावीर प्रसाद द्विवेदी ☑
(ब) रामचन्द्र शुक्ल
(स) हजारीप्रसाद द्विवेदी
(द) नंद दुलारे वाजपेयी

6. ''क्या हिंदी नाम की कोई भाषा नहीं'' महावीर प्रसाद का लेख सरस्वती पत्रिका में कब छपा था ?
(अ) 1911 (ब) 1912
(स) 1913 ☑ (द) 1914

7. हम महावीर प्रसाद द्विवेदी को ''पद्य रचना की प्रणाली में एक प्रवर्तक के रूप में मानते हैं'' महावीर प्रसाद द्विवेदी के लिए यह कथन किसने कहा ?
(अ) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(ब) डॉ बच्चन
(स) आचार्य रामचंद्र शुक्ल ☑
(द) नगेंद्र

8. ''हिंदी लिखना केवल एक व्यक्ति जानता है वह है बालमुकुंद गुप्त'' यह कथन किसका है..?
(अ) भारतेंदु
(ब) आचार्य रामचंद्र शुक्ल
(स) महावीर प्रसाद द्विवेदी ☑
(द) डॉ बच्चन सिंह

9. इतिवृत्तात्मकता इनमें से किस युग की कविता की प्रमुख विशेषता है–
(अ) छायावाद युग
(ब) भारतेंदु युग
(स) द्विवेदी युग ☑
(द) रीतिकाल

10. खड़ी बोली के उस महाकाव्य का नाम बताइए जिसमें राधा कृष्ण का युगानुरूप परिवर्तन कर दिया–
(अ) प्रियप्रवास ☑
(ब) वैदेही वनवास
(स) उद्धव शतक
(द) भ्रमरगीत

11. निम्न में से कौन सा कभी राष्ट्रीय चेतना का कवि नहीं है ?
(अ) मैथिलीशरण गुप्त
(ब) महावीर प्रसाद द्विवेदी
(स) रामधारी सिंह दिनकर
(द) जगन्नाथदास रत्नाकर☑

हिन्दी साहित्य चैनल

12. भारतेंदु युग का साहित्य हिन्दी भाषी जनता का जातीय साहित्य है, वह हमारे जातीय नवजागरण का साहित्य है।''
कथन किसका है ?
(अ) नामवर सिंह
(ब) बच्चन सिंह
(स) रामचन्द्र शुक्ल
(द) रामविलास शर्मा☑

13. भारतेंदु युग को किस आलोचक ने राष्ट्र की नवचेतना का युग कहा?
(अ) रामचन्द्र शुक्ल (ब) डॉ. नगेन्द्र☑
(स) रामविलास शर्मा (द) नन्ददुलारे वाजपेयी

14. भारतेंदु युग के एक कवि जिन्होंने खड़ी बोली के साथ–साथ ब्रजभाषा व बैसवाड़ी में भी कविताएं लिखी ?
(अ) बाल कृष्ण भट्ट
(ब) श्रीधर पाठक ☑
(स) बदरी नारायण मिश्र
(द) प्रताप नारायण मिश्र

15. जो विषया संतन तजी ताहि मूढ़ लपटात, जो नर डारत वमन करि स्वान स्वाद सौ खात।'' यह दोहा किस कवि का हैं ?
(अ) कबीर (ब) भारतेंदु
(स) तुलसी (द) राधाकृष्णदास☑

16. भारतेंदु के किस रचना में बंगला के पयार छंद का प्रयोग किया गया है?
(अ) प्रातरूसमीरन☑ (ब) दशरथ विलाप
(स) फूलो का गुच्छा (द) उपयुक्त सभी

17. मैथिली शरण गुप्त की कौनसी रचना महाभारत सम्बन्धी नही है?
(अ) वन वैभव (ब) वक संहार
(स) शक्ति☑ (द) सैरन्ध्री

18. प्रथम मांगलातोषिक पुरस्कार किसे मिला था ?
(अ) भारतेंदु
(ब) पंत जी
(स) हरिऔध जी
(द) मैथीलिशरण गुप्त☑

19. ''भाषा का प्रवाह शायद उनमे ना मिले किन्तु स्थिति योजना की दृष्टि से चुस्त होते है''
विश्वनाथ त्रिपाठी ने किसके लिये कहा है
(अ) महावीर प्रसाद जी
(ब) श्री धर पाठक
(स) मैथिली शरण गुप्त☑
(द) बाल मुकुंद गुप्त

20. आधुनिक युग का तुलसी किसे स्वीकार किया गया है ?
(अ) मैथिली शरण गुप्त☑
(ब) रामचरित उपाध्याय
(स) भवानी प्रसाद मिश्र
(द) सियाराम शरण गुप्त

21. द्विवेदी युग के प्रमुख सूक्तिकार के रूप में कौन प्रसिद्ध है?
(अ) रामचरित उपाध्याय ☑
(ब) सियाराम शरण गुप्त
(स) अम्बिका दत्त व्यास
(द) बाल मुकुंद गुप्त

22. पराधीन रहकर अपना सुख शोक न कह सकता है। यह अपमान जगत में केवल पशु ही सह सकता है।
किसकी पंक्ति है?
(अ) मैथिली शरण गुप्त
(ब) रामधारी सिंह दिनकर☑
(स) रामनरेश त्रिपाठी
(द) अयोध्या सिंह उपाध्याय हरिऔध

23. नगेन्द्र ने किस कवि को भारतीय संस्कृति का अनन्य प्रस्तोता कहा है?
(अ) श्रीधर पाठक
(ब) मैथिली शरण गुप्त☑
(स) अम्बिकादत्त व्यास
(द) दिनकर

24. समस्या पूर्ति किस युग की विशेषता है
(अ) भारतेंदु युग ☑ (ब) द्विवेदी युग
(स) छायावाद (द) प्रगतिवाद

25. अंबिकादत्त व्यास की अपूर्ण रचना कौन सी है
(अ) कंस वध☑ (ब) हो हो हरि
(स) रस तरंग (द) अ और स दोनों

हिन्दी साहित्य चैनल

26. समस्यापूर्ति–प्रदीप किसका समस्यापूर्ति–संग्रह है ?
(अ) अंबिकादत्त व्यास
(ब) गोविंद गिल्लाभाई☑
(स) प्रताप नारायण मिश्र
(द) भारतेंदु

27. समस्यापूर्ति–प्रकाश किसका समस्यापूर्ति–संग्रह है?
(अ) दुर्गा दत्त व्यास☑
(ब) नाथूराम
(स) अम्बिका दत्त
(द) गोबिन्द गिल्लाभाई

28. अंबिकादत्त व्यास ने दशरथ विलाप की रचना किस भाषा में किया–
(अ) खडी बोली ☑
(ब) ब्रज भाषा
(स) अवधि
(द) संस्कृत

29. ठाकुर जगमोहन सिंह ने कालिदास कृत ऋतुसंहार और मेघदूत का किस भाषा में अनुवाद किया था ?
(अ) ब्रजभाषा☑ (ब) अवधि
(स) खडी बोली (द) पिंगल

30. भारतेंदु युग में किस कवि की प्रमुख प्रवृत्ति शृंगार और प्रकृति चित्रण मे रही है ?
(अ) जगमोहन सिंह☑
(ब) बालमुकुंद गुप्त
(स) प्रताप नारायण मिश्र
(द) बाल कृष्ण भट्ट

31. द्वितीय भारतेंदु के नाम से किसे जाना जाता है ?
(अ) अम्बिका दत्त व्यास
(ब) उदय प्रकाश
(स) नाथूराम
(द) प्रताप नारायण मिश्र ☑

32. बिहारी सतसई के दोहों का पल्लवन रोला छंद में किया ?
(अ) कृष्ण कवि
(ब) अंबिकादत्त व्यास☑
(स) परमानंद
(द) लल्लू लाल

33. ''चींटी से लेकर हाथीपर्यंत पशु, भिक्षुक से लेकर राजापर्यंत मनुष्य, बिंदु से लेकर समुद्रपर्यंत जल, अनंत आकाश, अनंत पृथ्वी, आनंद पर्वत–सभी पर कविता हो सकती है।''
उपर्युक्त कथन किसका है ?
(अ) महावीर प्रसाद द्विवेदी☑
(ब) आचार्य शुक्ल
(स) प्रतापनारायण मिश्र
(द) हजारी जी

34. 'कहां हो यह हमारे प्राण प्यारे किधर तुम छोड़कर हमको पधारे'
किसकी पंक्तियां हैं
(अ) प्रताप नारायण मिश्र
(ब) अंबिकादत्त व्यास
(स) भारतेंदु हरिश्चंद्र☑
(द) बद्रीनारायण चौधरी प्रेमघन

35. बिहारी बिहार किसकी रचना है ?
(अ) अंबिकादत्त व्यास☑ (ब) भारतेंदु
(स) तोताराम (द) केशव भट्ट

36. 'पूरी अमी की कटोरिया सी, चिरजीवों विक्टोरिया रानी' समस्या के पूरा होने पर किस कवि को 'सुकवि' की उपाधि प्रदान की गई ?
(अ) भारतेंदु (ब) मैथिलीशरण गुप्त
(स) अंबिकादत्त व्यास☑ (द) श्रीधर पाठक

37. खडी बोली हिन्दी की प्रथम गद्य रचना किसे माना गया है:
(अ) भाषा योगवासिष्ठ☑
(ब) प्रेमसागर
(स) सुखसागर
(द) चंद छंद बरनन की महिमा

38. ''धन्य भूमि भारत सब रतननि की उपजावनि'' पंक्ति किस कवि की हैं ?
(अ) प्रेमघन☑ (ब) भारतेंदु
(स) नरेश मेहता (द) राधाकृष्णदास

39. भारत बारहमासा किसकी रचना है ?
(अ) राधाकृष्ण दास☑ (ब) राधाचरण गोस्वामी
(स) अम्बिकादत्त व्यास (द) प्रताप नारायण मिश्र

हिन्दी साहित्य चैनल

40. 'मानव धर्म सार' पुस्तक के रचयिता का नाम बताइए ?
(अ) राजा लक्ष्मण सिंह
(ब) राजा शिवप्रसाद सितारेहिन्द ☑
(स) बालकृष्ण भट्ट
(द) अध्यापक पूर्णसिंह

41. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने हिन्दी गद्य के प्रवर्तकों में इनमें से किसे स्थान दिया है ?
(अ) श्रद्धाराम फुल्लौरी (ब) सदासुखलाल 'नियाज'☑
(स) इंशा अल्ला खां (द) भारतेंदु

42. सर सैयद अहमद खां की भाषा नीति का विरोध हिन्दी के किस लेखक ने पुरजोर ढंग से किया ?
(अ) राजा लक्ष्मण सिंह
(ब) भारतेंदु बाबू हरिश्चन्द्र☑
(स) सदासुखलाल
(द) राजा शिवप्रसाद सितारेहिन्द

43. 'प्रजा हितैषी'' नामक पत्र आगरा से किसने निकाला था ?
(अ) गणेश शंकर विद्यार्थी
(ब) बनारसी दास चतुर्वेदी
(स) श्री कृष्णदत्त पालीवाल
(द) राजा लक्ष्मण सिंह ☑

44. इनमें से 'पंडिताऊपन' किस लेखक की भाषा में शुक्ल जी ने माना है ?
(अ) सदल मिश्र (ब) ईशा अल्ला खां
(स) सदासुखलाल ☑ (द) लल्लूलाल

45. 'यह ब्यारि तबै बदलेगी कछू पपीहा जब पूछि है पीव कहां' यह पंक्ति किस कवि की है ?
(अ) बालकृष्ण भट्ट (ब) प्रतापनारायण मिश्र ☑
(स) भारतेंदु जी (द) राधाचरण गोस्वामी

46. भारतेंदु युग के कवियों में से 'हर गंगा' कविता किसने लिखी ?
(अ) भारतेंदु
(ब) बालकृष्ण भट्ट
(स) बदरी नारायण चौधरी
(द) प्रताप नारायण मिश्र ☑

47. ''वे प्राचीन और नवीन का योग इस ढंग से करते थे कि कहीं से जोड़ नहीं जान पड़ता था'' भारतेंदु युग के कवियों के विषय में यह टिप्पणी किसकी है ?
(अ) रामविलास शर्मा (ब) रामचन्द्र शुक्ल☑
(स) नगेन्द्र (द) हजारीप्रसाद द्विवेदी

48. जगन्नाथ दास रत्नाकर के काव्य गुरु इनमें से कौन थे ?
(अ) नवनीत चतुर्वेदी☑ (ब) भारतेंदु हरिश्चन्द्र
(स) रामकृष्ण वर्मा (द) हरिऔध

49. कानपुर के 'रसिक समाज' से किस कवि का सम्बन्ध था–
(अ) भारतेंदु
(ब) अम्बिकादत्त व्यास
(स) प्रतापनारायण मिश्र☑
(द) नवनीत चतुर्वेदी

50. ऋतुसंहार एवं मेघदूत का ब्रजभाषा काव्य में किसने अनुवाद किया ?
(अ) महावीरप्रसाद द्विवेदी
(ब) भारतेंदु जी
(स) हरिऔध
(द) जगमोहन सिंह ☑

हिन्दी साहित्य चैनल